उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांकः ओ.यू./प.प्र./464 /2025 दिनांक–24 –01–2025

सूचना

सूच्य है कि परामर्श प्रकोष्ठ के विभिन्न पत्रों द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों/प्राचार्यों/निदेशकों को सूचित किया किया गया था कि निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार परामर्श सत्र की समाप्ति के 03 माह के अन्दर परामर्श देयक भुगतान हेतु परामर्श प्रकोष्ठ में डाक द्वारा प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा बिलम्ब से प्राप्त परामर्श देयकों के भुगतान पर विचार नहीं किया जायेगा परन्तु प्रायः ऐसा देखा जाता है कि कतिपय अध्ययन केन्द्रों द्वारा परामर्श देयक बिलम्ब के साथ–साथ अन्य विभागों में प्रेषित कर दिये जाते हैं। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि गत सत्र : जुलाई 2024 (वार्षिक तथा सेमेस्टर) तथा जनवरी 2024 (सेमेस्टर), जिसकी परामर्श कक्षाएं अक्टूबर–नवम्बर, 2024 में संचालित किये जाने का प्रावधान हैं, के परामर्श देयकों को भुगतान हेतु परामर्श प्रकोष्ठ में उपलब्ध कराये जाने की निर्धारित अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2025 है।

अतः उक्त सत्र के परामर्श देयक भुगतान हेतु परामर्श प्रकोष्ठ में दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। बिलम्ब से प्राप्त परामर्श देयकों के भुगतान पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। यह भी सूचित किया जाता है कि परामर्श देयकों के साथ देयकों में उल्लिखित समस्त परामर्शदाताओं के बैंक खाता विवरण, निरस्त चेक व पैन की छाया प्रति सहित समस्त विवरण परामर्श देयकों के साथ प्रेषित करने का कष्ट करें।

24/01/2025
(डॉ. दिनेश सिंह)
प्रभारी, परामर्श प्रकोष्ठ

पृ. संख्याः ओ.यू./प.प्र./464(1-5)/2025 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त विद्याशाखा/विभाग/अनुभाग, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. श्री शहबाज अहमद, टेक्निकल ऑफिसर (वेबसाइट डेबलपर) को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्रों व क्षेत्रीय केन्द्रों के लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के सांदर सूचनार्थ।

24/01/2025
(डॉ. सतीश चन्द्र जैसल)
सह–प्रभारी, परामर्श प्रकोष्ठ

Scanned with OKEN Scanner